With every right, there is a duty attached. There cannot be rights where there are no duties and here, the duties rest with the Government. I believe that the Government must create a national public information network of hospitals. During the pandemic, we realized that we did not know where to go. Patients were wondering where to go. There were so many people working in the social field, who came up to show that this hospital has such and such facility. So, such a data must be maintained and it must be put in public domain for the people to know where they should be going when the time arises. For instance, when Rajani *thai* collapsed, I don't think the other people immediately realized or knew where they should go, and she was taken to wherever they felt it was good. So, if you have a data bank, it will be very helpful. Sir, just give me two minutes.

Then, a pricing strategy committee must be made to make sure that the citizens are not exploited financially. Even for Ayushman Bharat, you have a pricing limit fixed up. We have also seen that when the people, who are responsible for providing healthcare, neglect the patient, they are not punished. They go scot free. There has to be a penalty for that. They should be held accountable. They should be responsible in the noble work that they are doing. But, many times, we see that they are absent from their work, they do not go there regularly and the Government staff people ask the patients to go to their private hospitals so that they can charge them there.

At the end, I will speak about what Mr. Rakesh Sinha pointed out about rare diseases. We have met the hon. Minister several times regarding this issue. A group of parliamentarians has written several letters to him regarding this. There is a rare disease policy, but it is a meaningless policy because you ask for corporate funding. A patient requires crores of rupees to get treated. There are little children who have got little to live but if you give them treatment, they can survive. And, you are asking them to go to the corporate and ask for funding. The only amount that can be

received through the corporate funding is Rs. 1,87,000. I have approached the hon. Prime Minister. You were speaking about the empathy of the Prime Minister. Here in this very House, I took a letter signed by 20 Members of Parliament asking him for an appointment. Give us an appointment so that we can speak about these rare disease patients, who can be helped, and, even when it is such an important and emotional subject, the Prime Minister has not given us time. If time cannot be given for this issue, for what else will we get time?

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please conclude.

DR. FAUZIA KHAN: Many Members of Parliament are asking for this. I urge the hon. Minister to please consider the problems of rare disease patients and help them with the required amount of money so that these little children can be saved by just a little bit of help by the Government. It is not a big amount that we are asking for. Only a hundred crores of rupees are to be spent from the Rashtriya Arogya Nidhi.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please conclude. We are running out of time.

DR. FAUZIA KHAN: Finally, I would conclude my speech by saying that instead of enhancing the fund for health care, we are applying the GST on hospital rooms. I think, doing such a thing is very, very cruel. GST not only on food items but GST also on hospital treatment! I think, the Government must withdraw this decision immediately. Thank you very much.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Hon. Members, there is a special request by hon. Member, Shrimati Ranjeet Ranjan asking for permission to speak early as there is some emergency and she has to leave. Does the House allow her to take priority in terms of speaking first? Okay. Shrimati Ranjeet Ranjan ji, please speak.

श्रीमती रंजीत रंजन (छत्तीसगढ़) : महोदय, आज हम एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर बिल लेकर आए हैं - 'स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक, 2021', जो 2021 से पेंडिंग है। मैंने प्रो. मनोज झा जी को भी सुना और उनके बाद हमारे सत्ताधारी पक्ष के श्री राकेश सिन्हा जी को भी सुना। एक्चुअली वे राकेश जी नहीं बोल रहे थे, वे तो भाजपा और सत्ताधारी पक्ष को रीप्रेज़ेंट कर रहे थे और उन्होंने वही कहा, जो उनकी सरकार की रणनीति है। मुझे बहुत अफसोस हुआ, चूंकि भाषण-अभिभाषण सदन में तो होते ही हैं, लेकिन सदन के बाहर भी आपकी राजनीति चलती है और सदन के अंदर भी आप लोग राजनीति ही कर रहे होते हैं। भाई साहब, यहां तो पब्लिक देख नहीं रही है, शायद सुन रही होगी।

उपसभाध्यक्ष जी, यह बहुत ही गंभीर विषय है। जिस तरह आत्मरक्षा का संवैधानिक अधिकार होता है, जीवन रक्षा का संवैधानिक अधिकार होता है, निश्चित तौर से बीमारियों से आत्मरक्षा का संवैधानिक अधिकार भी इस देश में होना ही चाहिए, जो नहीं है। भारत की 140 करोड़ जनता में, मेरे ख्याल से 1 या 1.5 प्रतिशत लोग ही ऐसे होंगे, जो पूरी विलासिता के साथ इलाज करवा पाते होंगे, अन्यथा मिडिल क्लास से भी ऊपर, जो अपर मिडिल क्लास है, जब उनको भी कोई बड़ी बीमारी होती है, तो एक बार वे भी कांप जाते हैं। मिडिल क्लास, लोअर क्लास, बीपीएल, एपीएल की तो बात ही हम छोड़ दें। लोगों की पूरी जिंदगी की जो कमाई है, शायद वह कैंसर, किडनी, हेपेटाइटिस-बी, मलेरिया, कालाज़ार जैसी बीमारियों में ही खत्म हो जाती है। टीबी, हार्ट अटैक, लिवर ट्रांसप्लांट जैसी बीमारियों से तो अभी हम लोग ऊपर ही नहीं आ पाए हैं, रेयर डिज़ीज़ तो अभी बाद में आएंगी। आप बहुत बड़ी-बड़ी बातें कह रहे थे, रेयर डिज़ीज़ की बात कह रहे थे, लेकिन मैं फिर से रेयर डिज़ीज़ से नीचे आऊँगी, क्योंकि हम लोग जहां से आते हैं, अभी उनके लिए यहां बात करना चाहते हैं। हमारे देश में करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिनको आपके जिले के सदर अस्पताल पर निर्भर रहना पड़ता है, आपकी आयुष्मान भारत योजना पर निर्भर रहना पड़ता है, आपकी स्वास्थ्य बीमा योजना पर निर्भर रहना पड़ता है। आपने 5,00,000 रुपये दिए, फोटो खिंचवाई और बड़े खुश हो गए। राकेश जी ने तो ऐसे कह दिया, जैसे उन्होंने पूरी गंगा पार कर ली हो, जैसे लोग कहते हैं कि हमने गंगा स्नान कर लिया। आपने पूरे 140 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य का संवैधानिक अधिकार दे दिया, पूरे देश के लोग खुश हैं, सारे किसान खुश हैं, गरीब लोग खुश हैं, सब लोगों का इलाज हो रहा है। जिस तरह घर-घर, हर-हर हम जिनका नाम लेते हैं, उसी तरह हर घर में सबका इलाज हो रहा है। राकेश जी, हम यह स्वास्थ्य का अधिकार क्यों लेकर आए? आप मुझे इतना बता दीजिए। जो 5 लाख रुपये का बीमा है, क्या प्राइवेट अस्पताल उसे लेते हैं? पहले 'नहीं' सामने आया, फिर यह आया कि कुछ अस्पताल उन लोगों को लेने लगे हैं, फिर आया ...(**व्यवधान**)..

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please, please.

श्रीमती रंजीत रंजन : लेकिन आप यह जरूर नोट कीजिएगा कि यह हमारी और आपकी बात नहीं है, यह भाषण की बात नहीं है, यह देश के स्वास्थ्य और नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ मुद्दा है, यह हम लोगों की जिंदगी से जुड़ा हुआ मुद्दा है। प्राइवेट अस्पतालों में यदि कोई व्यक्ति आपका कार्ड लेकर चला जाता है, तो जब तक उसके पूरे पांच लाख रुपये नहीं निकल जाते हैं, तब तक प्राइवेट अस्पताल वाले आपको बाहर निकलने नहीं देते हैं। 5 लाख रुपये के 10 लाख, 11 लाख, 12 लाख या 15 लाख रुपये बनते हैं। हमारे देश में एक संस्कार बना हुआ है, जब तक हम और आप जैसे लोग 'एम्स' में फोन नहीं करते, सफदरजंग अस्पताल में फोन नहीं करते या सदर अस्पताल में फोन नहीं करते, तब तक आम आदमी का इलाज नहीं होता है, क्या उनका इलाज होता है? * पेशेन्ट तो देश का है। ...(**व्यवधान**)..पेशेन्ट तो देश का है, आप प्लीज़ सुनिये। पेशेन्ट तो देश का है।

श्री राकेश सिन्हा : मेरा प्वांइट ऑफ ऑर्डर है ...(**व्यवधान**)..

* Expunged as ordered by the Chair.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): There is a point of order. ...*(Interruptions)*... Under which rule?

SHRI RAKESH SINHA (Nominated): Under Rule 238. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती रंजीत रंजन : देश में कौन सा ...(**व्यवधान**).. वाइस चेयरमैन साहब, कौन सा रूल है?

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): One second, please. There is a point or order. ...*(Interruptions)*... Under which rule?

SHRI RAKESH SINHA: Under Rule 238. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI RANJEET RANJAN: You should respect. ...*(Interruptions)*...

SHRI SYED NASIR HUSSAIN (Karnataka): Sir, this is not allowed. ...*(Interruptions)*..

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): One second, please. ...*(Interruptions)*... एक मिनट में बात खत्म हो जाएगी। आपका प्वाइंट ऑफ ऑर्डर क्या है?

श्री राकेश सिन्हा : हिन्दुस्तान के चिकित्सकों पर राजनीति करने का आरोप लगाना एक तरह से उनका अपमान है। ...(**व्यवधान**)..

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you, thank you. Please, Rakesh ji. I have allowed you.

श्री राकेश सिन्हा : सर, इसे प्रोसीडिंग्स से निकाला जाए।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): We will examine it. ...*(Interruptions)*... Please continue, Ranjeet Ranjan ji. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती रंजीत रंजन : थैंक यू, उपसभाध्यक्ष जी। अभी मैं आपके सदर अस्पताल, जिला अस्पताल और शहरों के अस्पतालों पर नहीं आई हूं। वहां के जो हालात हैं, आप 'आयुष्मान' की बात कर रहे हैं, मैंने आपको रिएलिटी बताई है। आप मोदी साहब से जरूर बात करें, वे हमारे देश के प्रधान मंत्री हैं। आप प्राइवेट अस्पतालों में सर्दी, जुकाम के लिए जाइये, वे कहते हैं कि आपको किडनी की बीमारी है, आपको कैंसर हो सकता है, आपको हेपेटाइटिस-बी हो सकता है, इसलिए धीरे-धीरे सारे टैस्ट्स कराते हैं, जब तक कि उसके पांच लाख रुपये खत्म नहीं हो जाते। यह भी शायद आपका * है, सत्ता का * है, जिनके साथ आपने इनको टैग किया हुआ है, जिन एजेन्सीज़ के साथ टैग किया हुआ है, उनके साथ आपका क्या * है, यह परसेंटेज आप जानते होंगे, मैं आपको रिएलिटी बता रही हूं।

---

* Expunged as ordered by the Chair.

महोदय, आप सदर अस्पताल की बात कह रहे हैं, आप भाषणों में बोलिये कि किडनी का जो ट्रांसप्लान्ट होता है, जो डायलिसिस होता है, उसकी सुविधा आपने सरकारी अस्पतालों में दी है। आपने कैंसर की जो कीमोथेरेपी होती है, उसकी फैसिलिटी दी है।

महोदय, मैं दावा करती हूं कि आप बिहार, बंगाल, हरियाणा या पंजाब जैसे प्रदेश के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक ब्लड का टैस्ट करा दीजिए, तो मैं राजनीति छोड़ दूंगी। इन स्थानों पर एक भी लैब नहीं है, ब्लड टैस्ट की सुविधा नहीं है, बर्न विभाग नहीं है, अल्ट्रासोनोग्राफी की सुविधा नहीं है ...(**व्यवधान**).. आप सुनिये ...(**व्यवधान**)..

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा) : प्लीज़, जांगड़ा जी, आप बैठिये। ...(**व्यवधान**).. माननीय कान्ता जी, प्लीज़ बैठिये। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती रंजीत रंजन : उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपको आगाह कर रही हूँ, जो विपक्ष का काम होता है। सत्ता पक्ष अगर काम कर रहा है, आपने सुविधा दी है, इम्प्लीमेंट नहीं हो रही है **...(व्यवधान)...** आप सुनिए। **...(व्यवधान)...** नहीं किया। **...(व्यवधान)...** नहीं किया। **...(व्यवधान)...** मान लिया कि हमने नहीं किया। आप अपने 8 साल का ब्यौरा दीजिए। **...(व्यवधान)...** मैं 8 साल का ब्यौरा माँग रही हूँ।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Kindly address the Chair. **...** (*Interruptions*)**...** आप चेयर को एड्रेस कीजिए।

श्रीमती रंजीत रंजन : हमने 30,000 रुपये दिये थे **...(व्यवधान)...** सदर अस्पताल के लिए। **...** (**व्यवधान**)**...**

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): No cross-talk, please.

श्रीमती रंजीत रंजन : हमने 30,000 को सवा लाख किया था। वह सरकारी अस्पताल के लिए था। आप बहुत बड़ी अमीर पार्टी के हैं, क्योंकि आपने नोटबंदी की, पैसा अर्न किया, पाँच लाख रुपये दिये। आप फिर पाँच लाख रुपये उन कम्पनीज़ को दे रहे हैं, मैं उसकी बात कर रही हूँ।

सर, मैं आपको सिर्फ यह बताना चाहती हूँ कि देश के स्वास्थ्य के हालात क्या हैं। अभी मनोज झा जी कोरोना की बात कर रहे थे। हमें दुख होता है। आप लोगों को, मेरी कुछ बहनों को हँसी आ रही थी। मुझे लगता है कि अगल-बगल से एक दिन में 200 फोन कॉल्स, 300 फोन कॉल्स हम लोग अटेंड कर रहे थे। लोग कहते थे कि मैडम, अगर डेढ़ लाख का भी ऑक्सीजन सिलेंडर मिले, तो प्लीज़ दिलवा दीजिए, क्योंकि हमें किसी की जान बचानी है। रेमडेसिविर 15,000 रुपये में मिल रही थी। मैं आपको एक बात और कहूँगी। वह 40,000 में भी मिली, जो 15,000 से स्टार्ट हुई थी। आप अभी रेयर डिज़ीज़ की बात कर रहे थे। उपसभाध्यक्ष जी, पहले मैं ऑक्सीजन सिलेंडर की बात करती हूँ। आपने कोरोना में जो ऑक्सीजन सिलेंडर डेढ़ लाख में दिया, ये जिन कोरोना पेशेंट्स को यूज़ कराये गये **...(व्यवधान)...** आप मेरी बात सुनिए। **...(व्यवधान)...** यह बहुत सेंसिटिव मामला है। **...(व्यवधान)...** उपसभाध्यक्ष जी **...(व्यवधान)...**

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): No cross-talk, please. ...(*Interruptions*)... No cross-talk, please.

श्रीमती रंजीत रंजन : उपसभाध्यक्ष जी, जिन व्यक्तियों को, जिन कोरोना पेशेंट्स को ये यूज़ कराये गये, आज उन लोगों को - आपको भी पता होगा 'ब्लैक फंगस' नामक एक बीमारी आयी थी। मेरे घर में मेरी ननद का पति है, जो आपके बिजली विभाग में जॉब में है। वह पटना से आकर यहाँ पर इलाज करा रहा है और अभी तक दिल्ली के फोर्टिस हॉस्पिटल में उसके 15 लाख खर्च हो चुके हैं। उसके 7 ऑपरेशंस हो चुके हैं और डॉक्टर ने बोला कि फंगस कैसे हुआ। वह कोरोना के कारण नहीं हुआ था। ऑक्सीजन सिलेंडर में जो पानी था, वह लोगों को देने के लिए नहीं था, बल्कि वह फैक्टरी के यूज़ के लिए था। वह मिनरल नहीं था, फिल्टर्ड नहीं था और आपने आनन-फानन में लोगों को उस ऑक्सीजन सिलेंडर से ऑक्सीजन दी, जिसका परिणाम यह हुआ कि कइयों की जान गयी और कइयों ने अपनी आँख खोयी, कइयों ने अपने ब्रेन में ट्यूमर लिया, कइयों ने अपनी नाक में प्रॉब्लम ली ...(**व्यवधान**)... कइयों का जबड़ा ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please, no discussion. ...(*Interruptions*)... No cross-talk, please. ...(*Interruptions*)... मैं दोनों तरफ के लोगों को कह रहा हूँ प्लीज़।

श्रीमती रंजीत रंजन : उपसभाध्यक्ष जी, मैं क्वोट कर रही हूँ। अगर किसी को आपत्ति है तो डॉक्टर का मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन लाकर सभा पटल पर रखने का माद्दा भी हम लोग रखते हैं। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (**डा. सस्मित पात्रा**) : आप कन्क्लूड करें। ...(**व्यवधान**)... ऑनरेबल मेम्बर, अब आप कन्क्लूड करें।

श्रीमती रंजीत रंजन : उपसभाध्यक्ष जी, दूसरी बात यह है कि अभी बहुत बढ़-चढ़ कर भाजपा का प्रतिनिधित्व कर रहे राकेश जी बोल रहे थे कि हमने कोरोना काल में यह किया, हमने कोरोना काल में वह किया। पूरा देश चाहता था कि जो लोग कोरोना से व्यथित थे, जो लोग कोरोना से पीड़ित थे, देश उनको सुविधा प्रदान करता, लेकिन यहाँ तो बोलियाँ लग रही थीं। मुझे गर्व है कि दिल्ली के एम्स में, सफदरजंग अस्पताल में, जितने अस्पताल कांग्रेस ने बनाये थे, उनमें ऑक्सीजन की कमी नहीं थी। यह फैक्ट है। ...(**व्यवधान**)... यह फैक्ट है। ...(**व्यवधान**)... उपसभाध्यक्ष जी, मैं क्वोट कर रही हूँ। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please maintain silence. ...(*Interruptions*)...

श्रीमती रंजीत रंजन : एम्स के एक भी डॉक्टर ने या एक भी पेशेंट ने ...(**व्यवधान**)... उनके पास पेशेंट्स के लिए जितने बेड्स थे ...(**व्यवधान**)... जितने उनके पास बेड्स थे, उतने ही पेशेंट्स उन्होंने लिए। एक भी ज्यादा नहीं लिया। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा) : आप कन्क्लूड करें। **...(व्यवधान)...** ऑनरेबल मेम्बर, अब आप कन्क्लूड करें।

श्रीमती रंजीत रंजन : प्लीज़, प्लीज़। मैं दो-तीन मिनट और लूँगी। यह बहुत संवेदनशील मुद्दा है। **...(व्यवधान)...** सर, जितने भी प्राइवेट अस्पताल थे, जितने भी छोटे अस्पताल थे, जिन्होंने दुकान खोली हुई थी, सरकार उन पर लगाम लगाने में, ऑक्सीजन की कालाबाज़ारी रोकने में और रेमडेसिविर की कालाबाज़ारी रोकने में फेल थी। सर, क्या कोरोना की दवाई थी? **...(व्यवधान)...** सर, क्या यह सदन और प्रधान मंत्री बतायेंगे कि कोरोना की दवाई थी? अगर नहीं थी, तो डॉक्टर एक-एक आदमी से 20-20 लाख रुपए लेकर करोड़ों का इलाज किस तरह से कर रहे थे? ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please. *...(Interruptions)...*

श्रीमती रंजीत रंजन : सर, मैं डॉक्टर का नाम नहीं बताऊँगी, क्योंकि डॉक्टर ने बोला है कि नाम नहीं बताना। जब उन्हें कोरोना हुआ, तब वहाँ के अस्पताल ने उनसे 30 लाख रुपए लिए, क्योंकि उनका इंश्योरेंस था। ...(**व्यवधान**)... सर, यह कौन सा खेल चल रहा है? ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please conclude. *...(Interruptions)...* Hon. Member, please conclude. *...(Interruptions)...*

श्रीमती रंजीत रंजन : महोदय, हम चाहते हैं कि इस देश में स्वास्थ्य का अधिकार होना चाहिए, क्योंकि हम खासकर अपने गरीब तबके के लोगों को, गाँव के लोगों को, बीपीएल को, एपीएल को, सर्विस क्लास के लोगों को जानवर की तरह ट्रीट करते हैं। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा) : आप कन्क्लूड करिए। ...(**व्यवधान**)... आप कन्क्लूड करिए। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती रंजीत रंजन : सर, दो मिनट और दे दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): No, no. *...(Interruptions)...* आप कन्क्लूड करिए। ...(**व्यवधान**)... We will examine. *...(Interruptions)...* We will examine.

श्रीमती रंजीत रंजन : सर, आप राम मनोहर लोहिया अस्पताल चले जाइए, आप एम्स चले जाइए ...(**व्यवधान**)... आप बिहार चले जाइए ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा) : आप कन्क्लूड कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती रंजीत रंजन : सर, मैं कन्क्लूड कर रही हूँ। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): You have 30 seconds. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती रंजीत रंजन : माननीय सदस्या रजनी पाटिल जी और फौजिया खान जी गंदगी की बात कर रही थीं। ...(**व्यवधान**)... सर, हम लोग प्रतिनिधि रहे हैं, मैंने दो बार लोक सभा का प्रतिनिधित्व किया है।

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा) : आप कन्क्लूड कीजिए। ...(**व्यवधान**)... आप कन्क्लूड कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती रंजीत रंजन : अगर आप सदर अस्पताल में एक घंटा खड़े हो गए और बिना बीमारी लिए हुए गए आ गए, तो मैं अपना नाम बदल लूँगी। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. ...*(Interruptions)*... Please conclude. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती रंजीत रंजन : सर, प्लीज़ दो मिनट दे दीजिए। ...(**व्यवधान**)... मैं किसी पर एलीगेशन नहीं लगा रही हूँ। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please conclude. ...*(Interruptions)*... आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़, कन्क्लूड कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

SHRIMATI RANJEET RANJAN: Sir, please two minutes. ...*(Interruptions)*... मैं किसी पर तोहमत नहीं लगा रही हूँ, बल्कि देश के हालात बता रही हूँ। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Last 30 seconds. ...*(Interruptions)*... आप कन्क्लूड कीजिए । ...(**व्यवधान**)... Silence please. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती रंजीत रंजन : सर, मैं उदाहरण देती हूँ। ...(**व्यवधान**)... हमारे जैसे गाँव का बच्चा, जिसका पूरा शरीर जल गया ...(**व्यवधान**)... आपको हँसी क्यों आ रही है? ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा) : प्लीज़, आप चेयर को एड्रेस कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती रंजीत रंजन : वह मेरा बेटा नहीं है, गाँव का बेटा है। ...(**व्यवधान**)... मैं गाँव के बेटे की बात कर रही हूँ। ...(**व्यवधान**)... मेरे बेटा हो, तो पैसे देकर करा लूँगी। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Shrimati Ranjan, please address the Chair. ...*(Interruptions)*... Thank you. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती रंजीत रंजन : सर, उसका होंठ गले तक आ गया, कान पीठ तक आ गया। ...(**व्यवधान**)... वह अपना इलाज नहीं करा पाया, क्योंकि सदर अस्पताल, जिला अस्पताल, कहीं पर कोई फैसिलिटी नहीं थी। ...(**व्यवधान**)... उसे गाँव में ही रखकर इलाज कराया गया। ...(**व्यवधान**)... उसकी स्किन उतरकर पेट तक सटी हुई थी। ...(**व्यवधान**)... क्या यह रेअर नहीं है? ...(**व्यवधान**)... मैं आपसे सिर्फ इतना ही कहना चाहती हूँ कि हमारे देश में स्वास्थ्य के हालात बद से बदतर हैं।

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा) : आप कन्क्लूड कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती रंजीत रंजन : सर, सिर्फ भाषणों से काम नहीं होगा, सिर्फ उद्घाटन करने से काम नहीं होगा, बल्कि नीयत और नीति, दोनों सही होनी चाहिए। ...(**व्यवधान**)... एक तरफ आप कह रहे हैं कि इलाज हो रहा है ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. I will have to move on. *...(Interruptions)...* मैंने आपको काफी समय दे दिया है। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती रंजीत रंजन : सर, मैं सिर्फ एक आंकड़ा बताना चाहती हूँ। ...(**व्यवधान**)... हजार लोगों पर एक डॉक्टर है। ...(**व्यवधान**)... आप कह रहे हैं कि हम इलाज कर रहे हैं! ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा) : प्लीज़ 30 सेकंड में कन्क्लूड कीजिए, otherwise I will have to move on.

श्रीमती रंजीत रंजन : सर, मैं एक और प्वाइंट रखना चाहूँगी। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा) : नहीं, अब आपको कन्क्लूड करना पड़ेगा। ...(व्यवधान)... I am sorry, I will have to move on. *...(Interruptions)...* No, no. *...(Interruptions)...* मैं आपको काफी समय दे चुका हूँ। ...(**व्यवधान**)...

SHRIMATI RANJEET RANJAN: Sir, please, one minute. *...(Interruptions)...*

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा) : आप कन्क्लूड कर रही हैं? ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती रंजीत रंजन : सर, मैं कन्क्लूड कर रही हूँ। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा) : आप कन्क्लूड कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती रंजीत रंजन : सर, 189 कंट्रीज़ में हमारे देश का नंबर 179 पर है। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Now, Dr. Anil Sukhdeorao Bonde. ...*(Interruptions)*... I will have to move on. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती रंजीत रंजन: हमारा जो जीडीपी है, उससे आगे भूटान और श्रीलंका खड़े हैं। ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): I will have to move on. ...*(Interruptions)* ... Thank you. ...*(Interruptions)*... I am moving on. ...*(Interruptions)*... Thank you. ...*(Interruptions)*... आपका समय खत्म हो चुका है। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती रंजीत रंजन : सर, मैं आग्रह करती हूँ कि स्वास्थ्य का अधिकार सबको मिलना चाहिए। ...(**व्यवधान**)... आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Now, Dr. Anil Sukhdeorao Bonde.

डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे (महाराष्ट्र) : उपसभाध्यक्ष महोदय, आज मनोज कुमार झा जी ने ...(**व्यवधान**)...

SHRI G.V.L. NARASIMHA RAO (Uttar Pradesh): Sir, I have a point of order. ...*(Interruptions)*...

DR. V. SIVADASAN (Kerala): Sir, I am on a point of order. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Under which rule? ...*(Interruptions)*... One second. ...*(Interruptions)*... I have two points of order. ...*(Interruptions)*... I will take the first point of order and then yours. ...*(Interruptions)*... Under which rule? ...*(Interruptions)*... I will. I have recognized. ...*(Interruptions)*... Under which rule? ...*(Interruptions)*...

SHRI G.V.L. NARASIMHA RAO: Sir, it is under Rule 238 (2). ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Silence please. ...*(Interruptions)*...

SHRI G.V.L. NARASIMHA RAO: Sir, it is under Rule 238 (2) - 'making a personal charge against a member'. ...*(Interruptions)*... I think, while speaking, Dr. Fauzia Khan has made certain accusations against the hon. Prime Minister. ...*(Interruptions)*... I think, this is not acceptable. ...*(Interruptions)*... This must be expunged from the records. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): We will examine. ...*(Interruptions)*...

SHRI G.V.L. NARASIMHA RAO: It is in the nature of an allegation. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): We will examine. ...*(Interruptions)*...

SHRI G.V.L. NARASIMHA RAO: The Prime Minister is also a member of the Council of Ministers. ...*(Interruptions)*... I think, the allegation must be removed from the records. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): We will examine. ...*(Interruptions)*... Okay, now, I have the second point of order. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*... Please ...*(Interruptions)*... रंजीत जी, प्लीज़ अपनी जगह लीजिए। ...(**व्यवधान**)... I have the second point of order. ...*(Interruptions)*... Yes.

DR. V. SIVADASAN: My point of order here is....

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Under which rule?

DR. V. SIVADASAN: Sir, it is Rule 239.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Under Rule 239.

DR. V. SIVADASAN: While the Member was speaking here, the other Members from the Ruling Benches, the Treasury Benches, were putting questions to the Member. ...*(Interruptions)*... That is very wrong. ...*(Interruptions)*... Clearly, it is here, "When, for the purposes of explanation during discussion or for any other sufficient reason, any Member has occasion to ask a question of another Member on any matter then under the consideration of the Council, he shall ask the question through the Chairman." ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Through the Chairman. ...*(Interruptions)*... I get it. ...*(Interruptions)*... Through the Chairman. Understood. ...*(Interruptions)*... Understood. ...*(Interruptions)*... Through the Chairman. ...*(Interruptions)*... Through the Chairman. ...*(Interruptions)*...

DR. V. SIVADASAN: But, they clearly violate this, you please take action against them. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. Point taken. Now, Dr. Anil Bonde. Yes, please. Thank you. ...*(Interruptions)*... Thank you, moving on.

डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे : आज प्रो. मनोज कुमार झा, सांसद ने हेल्थ के ऊपर जो चर्चा रखी है, उसमें मैं सम्मिलित हो रहा हूँ। हेल्थ की डेफिनेशन यह दी जाती है कि वैल-बीइंग होनी चाहिए। That should be the mental and physical well being, emotional and spiritual well-being. डिज़ीज़ के बारे में कहा जाता है कि जिसमें ईज़ न हो - डिस-ईज़, लेकिन आज मुझे इस सदन में दिखा कि कुछ लोगों को असत्य बोलने की बीमारी भी लग सकती है। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): No; I am not allowing. ...*(Interruptions)*... Is it a point of order? ...*(Interruptions)*... Is it a point of order? ... *(Interruptions)* ... Please address the Chair. ...*(Interruptions)*... Address the Chair. ...*(Interruptions)*...

डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे : गलत जानकारी भी हो सकती है, जिसको कुछ लोग असत्य भी बोलते हैं। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*...

डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे : अगर ऐसी बीमारी रही, तो उसका इलाज भी बहुत जल्दी करना जरूरी है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, कोविड का जो पीरियड था, वह सबके लिए एक बड़ा टैस्ट था। चाहे वे डॉक्टर्स हों, हेल्थ पर्सनेल्स हों, पॉलिटिशियंस हों या एडमिनिस्ट्रेटर्स हों, इन सबके लिए वह एक बहुत बड़ा टैस्ट था, क्योंकि सौ साल के बाद पैन्डेमिक आता है। एन्डेमिक, एपिडेमिक बहुत बार आता है, लेकिन आपको पता है कि 1820 में पैन्डेमिक आया था, 1920 में पैन्डेमिक आया था और अब 2020 में पैन्डेमिक आया था। पैन्डेमिक आने के बाद पूरी दुनिया के देश गड़बड़ा जाते हैं। किसी देश की चाहे कितनी भी अच्छी हेल्थकेयर फैसिलिटी हो, ऐसे देश भी गड़बड़ा जाते हैं। यू.के. में अच्छी हेल्थकेयर फैसिलिटी थी, लेकिन वहाँ भी वेंटिलेटर्स नहीं मिले, वहाँ भी एडमिशन के लिए लाइन लगती थी। इसी तरह, यू.एस.ए. में भी यही परिस्थिति थी। इनिशियल प्रॉब्लम तो यह थी कि डॉक्टर्स को भी एग्ज़ैक्ट इन्फ़ॉर्मेशन नहीं थी कि इसके लिए कौन सा ट्रीटमेंट देना है। जब कन्फ्यूज़न ज्यादा रहता है, ऐसे वक्त में कंट्री को जो लीड कर रहा है, डब्ल्यूएचओ जो गाइडलाइन दे रहा है या यहाँ की आरोग्य संस्थाएँ जो गाइडलाइन दे रही हैं, उनको अच्छे से नीचे तक फॉलो-अप कराने का काम जो हेल्थ सिस्टम करता है, अगर वह सक्सेसफुल रहा, तो डेफिनेट्ली लोगों को हेल्थ का राइट मिल गया, ऐसा हम बोल सकते हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं ग्रामीण इलाके में रहता हूँ और मेरा ऐसा अनुभव है कि पहले एपिसोड और दूसरे एपिसोड में थोड़ा फर्क था। पहले में इन्फॉर्मेशन नहीं थी, लेकिन हमारे आदरणीय पंत प्रधान नरेन्द्र मोदी जी द्वारा आखिरी पायदान तक यह मैसेज पहुँचाया गया था कि आपको सेफ डिस्टेंस रखना है, आपको हाथ धोने हैं, अगर आपने मास्क नहीं लगाया, तो कोरोना

होने की ज्यादा संभावना है। यह मैसेज आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी सेविकाएँ और नीचे के हेल्थ पर्सनेल्स घर-घर जाकर दे रहे थे। यह जो डोर टू डोर सर्विस है, हेल्थ में यही सबसे ज्यादा इम्पॉर्टेंट है। उसके बाद, उससे प्रिवेंशन के लिए माननीय पंत प्रधान जी ने बार-बार यह कहा कि हम इन्डिजनस वैक्सीन बनाएँगे। हमारे यहां हम वैक्सीन बनाएंगे।

[**उपसभाध्यक्ष (सुश्री इंदु बाला गोस्वामी)** *पीठासीन हुईं*]

हम ऑक्सफोर्ड से मदद लेकर वैक्सीन बनाएंगे। कोवैक्सीन बनी, कोविशील्ड बनी, पुणे में वैक्सीन बनी। उस वक्त वैक्सीन बनने के बाद मुझे इसलिए दुख हुआ कि भारत में कुछ लोग ऐसे थे जो बोल रहे थे कि यह मोदी वैक्सीन है, हम नहीं लगाएंगे। उन लोगों को भारत की जनता से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि एक बड़े नेता ने बोला कि यह मोदी वैक्सीन है, हम नहीं लगाएंगे, तब भारत का 20 परसेंट तबका ऐसा था, जिन्होंने सोचा कि यह मोदी जी की वैक्सीन है, हम इसे नहीं लगाएंगे। पैन्डेमिक में सबसे इम्पॉर्टेंट है कि जिन लोगों का इन्फ्लुएंस रहता है, उन लोगों का पूरे देश के साथ में चलना ज़रूरी होता है, यानी जो नेता हैं, जो अभिनेता हैं, जिन्हें हम की-पर्सन बोल सकते हैं, उनको सबसे पहले वैक्सीन लगती है तो नीचे वाले लोगों को भी लगता है कि वैक्सीन लेना बहुत ज़रूरी है। आज हम सबको गर्व होना चाहिए, चाहे वे विरोधी हों या अन्य कोई भी सदस्य हों, कि ज्यादातर सभी लोगों को, चाहे वे 60 साल के ऊपर की उम्र के हों, चाहे 18 साल के ऊपर की उम्र के हों, वैक्सीन की दो डोज़ लग चुकी हैं। आज हम बूस्टर डोज़ की तरफ बड़ी ताकत से जा रहे हैं। बूस्टर के बारे में भी संभ्रम फैलाने की कोशिश की गई। अब ऐसे वक्त राइट टू हेल्थ - जब आखिरी आदमी वैक्सीन के बारे में जानता है, कोविड के बारे में जानता है, तब मैं समझता हूं कि हम - एक्चुअली राइट टू हेल्थ कोई नया कॉन्सेप्ट नहीं है, क्योंकि हम प्रार्थना ही करते हैं। *'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः'।* सर्वे सन्तु निरामयाः का अर्थ है कि सभी रोगमुक्त रहें। यह तो हमारी प्रार्थना ही है। यह कोई नया कॉन्सेप्ट नहीं है।

प्रो. मनोज कुमार झा : आप इसको संविधान में ले आइए।

डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे : यह सही बात है, लेकिन मैं आपको बताता हूं कि संविधान में हमारे मूलभूत अधिकार हैं। हमारे संतों ने भी बोला है। हमारे संत गाडगे महाराज थे, उन्होंने बोला है *'भुकेल्यांना अन्न द्या, तहानलेल्यांना पाणी द्या, आजारी असलेल्यांना औषध द्या'।* वही मोदी जी कर रहे हैं। वे जनऔषधि में क्या कर रहे हैं! आपको पता है कि जो नॉन कम्युनिकेबल डिज़ीज़िज़ हैं, डायबिटीज़ है, हाइपरटेंशन है, एक-एक दिन की दवाई सौ रुपये से अधिक की होती है, वह सौ रुपये की दवाई 30-40 रुपये में मिले या 10 रुपये में मिले, तो 300 रुपये महीने में हाइपरटेंशन कंट्रोल कर सकते हैं। यह बात ख्याल में क्यों नहीं आती?

मैं 'आयुष्मान भारत योजना' के बारे में बताता हूं। एक्चुअली हेल्थ जो सब्जेक्ट है, यह स्टेट के अंतर्गत आता है। यह कन्करेंट सब्जेक्ट नहीं है। वैसे तो यह योजना राज्य सरकारों को चलानी चाहिए। तमिलनाडु ने पहली बार शुरू की थी, महाराष्ट्र में भी शुरू की गई थी, वह राजीव गांधी जी के नाम से शुरू की गई थी, फिर महात्मा ज्योतिबा फुले जी के नाम से देवेन्द्र फडणवीस जी ने बहुत अच्छे तरीके से चलाई, बाकी अन्य स्टेट्स ने भी चलाई, लेकिन वह डेढ़ लाख रुपये तक की थी, उसके बाद अगर पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देना है तो 'आयुष्मान भारत योजना'

के माध्यम से कैंसर के पेशेंट भी अपना इलाज अच्छे से करा सकते हैं, कोरोनरी बाईपास का पेशेंट हो या अन्य पेशेंट्स हो, ये सब पेशेंट्स अच्छी तरह से रियायत पा सकते हैं। यह कब महसूस होगा, जब हम उन पेशेंट्स के घर में उनके रिलेटिव्स की तरह जाएंगे। पेशेंट को किडनी ट्रान्सप्लांट करवाना है। वह एम्स में जाता है और 'आयुष्मान भारत योजना' का लाभ लेता है, उसका किडनी ट्रान्सप्लांट होता है, उस वक्त वह कोई पोलिटिक्स नहीं सोचता है, वह पंत प्रधान नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देता है।

उपसभाध्यक्ष (सुश्री इंदु बाला गोस्वामी) : अनिल जी, आप कन्क्लूड कीजिए।

डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे : मैं कन्क्लूड करता हूं। उपसभाध्यक्ष महोदया, यह जो हेल्थ सब्जेक्ट है, यह कन्करेंट लिस्ट में आना चाहिए। यह सिर्फ राइट टू हेल्थ नहीं है, ...(**समय की घंटी**)... क्योंकि इसमें स्पिरिचुअल, मेन्टल, इमोशनल हेल्थ भी इन्क्लूडेड है, इसमें सरकार की तरफ से एकाध कम्प्रीहेन्सिव पब्लिक हेल्थ लेजिस्लेशन बना तो वह बहुत स्वागत योग्य रहेगा। ...(**व्यवधान**)... दूसरी बात यह है कि इसकी फंडिंग के लिए भी जैसे मोदी जी ने कोरोना के काल में किया, वैसे ही बहुत बड़े-बड़े लोग हैं, जो हेल्थ के लिए फंड देना चाहते हैं। एक ऐसी कंक्रीट डेज़िग्नेटेड ऑटोनॉमस एजेंसी रहनी चाहिए कि जो गरीबों को शासन के मार्फत मदद करे। आज आपने अच्छी चर्चा निकाली, इसके लिए मैं धन्यवाद देता हूं और मेरे शब्दों को विराम देता हूं। जय हिन्द!

श्री संजय सिंह (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली) : उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं हृदय से आपका आभारी हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात कहने का मौका दिया। मैं मनोज झा जी का भी आभारी हूं कि वे राइट टू हेल्थ का महत्वपूर्ण बिल लेकर आए। मैडम, इस देश में जब यह महसूस किया गया कि लोग भुखमरी का शिकार हो रहे हैं, भूख के कारण मौत हो रही है, तो राइट टू फूड का बिल पास किया गया। जब यह महसूस हुआ कि देश शिक्षा के क्षेत्र में लगातार पिछड़ता जा रहा है, लोगों को अच्छी शिक्षा नहीं मिल पा रही है, तो राइट टू एजुकेशन का बिल पास हुआ। आज हम ऐसे हालात में खड़े हैं, जहां पर न सिर्फ हिन्दुस्तान, बल्कि पूरी दुनिया कोरोना जैसी महामारी से अभी भी जूझ रही है। हिन्दुस्तान में भी कोरोना के कारण लाखों लोगों की मौत हुई। हम लोगों ने देखा कि उस कोरोना के कारण जो गरीब लोग थे, किसान थे, मज़दूर थे, वे सैकड़ों किलोमीटर तक पैदल चलकर अपने घर गए। जहां वे रहते थे, वहां इलाज नहीं मिल पाया। हमने देखा कि जब वे चलते-चलते थक गए और रेल की पटरियों पर बैठकर खाना खाने लगे, तब उन्हें नींद आ गई और रेल उनके ऊपर से गुजर गई, जिसके कारण उनकी मौत हो गई, लेकिन उनको इलाज नहीं मिल पाया, वे घर नहीं पहुंच पाए।

महोदय, हम लोगों के लिए स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण विषय है। माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी यहां पर बैठे हैं और मैं इनका सम्मान करता हूं। पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री जी ने एक बड़ी पहल की और ऐसा करना चाहिए। बाकी मंत्रियों को भी निश्चित रूप से इनसे सीख लेनी चाहिए। ये स्वयं एक सामान्य नागरिक बनकर जब एम्स अस्पताल में गए, तो इनको वहां पर रोक लिया गया, इनके साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया गया। ये खुद रूबरू हुए कि वास्तव में अस्पताल में किस प्रकार की कठिनाइयों का सामना एक मरीज को या उसके साथ के लोगों को करना पड़ता है। इसलिए मैं यह बिल्कुल नहीं कहूंगा कि स्वास्थ्य का मुद्दा राजनीतिक मुद्दा नहीं है। यह कहना

गलत होगा। शिक्षा का मुद्दा राजनीतिक मुद्दा नहीं है, यह कहना गलत होगा, क्योंकि राजनीति ही तो तय करती है कि स्वास्थ्य पर कितना बजट होगा, शिक्षा पर कितना बजट होगा, सड़क पर कितना होगा, पानी पर कितना होगा, बिजली पर कितना होगा, इसलिए यह राजनीतिक मुद्दा है। अगर आज़ादी के 75 साल बाद भी सफदरजंग अस्पताल के सामने एक महिला जो प्रसव से पीड़ित थी, उसको अपने बच्चे की डिलीवरी लोगों की घेराबंदी में करनी पड़ती है, तो मैं समझता हूं कि यह सदन के सभी सदस्यों के लिए बहुत ही शर्मिंदगी की बात है, हम सब के लिए शर्मिंदगी की बात है। हम सबको सोचने की आवश्यकता है कि हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था कहां पहुंच गई है? पिछले दिनों महोबा के अंदर एक खबर आई। वह दिल दहला देने वाली खबर थी। आप भी सुनेंगी, तो आपकी रूह कांप जाएगी। एक मासूम बच्चा महोबा के अस्पताल में एडमिट था, जिसको चींटियों ने खाकर मार दिया। यदि मैं गलत कह रहा हूं, तो मेरे ऊपर कार्रवाई कीजिएगा। इस प्रकार की स्वास्थ्य व्यवस्था में हम लोग जी रहे हैं। जब केन्द्र का बजट आता है, तो हम पढ़ते हैं कि पूंजीपतियों का कॉरपोरेट टैक्ट 30 परसेंट से घटाकर 22 परसेंट कर दिया। 1 लाख 45 हज़ार करोड़ रुपये का देश के बजट को घाटा हुआ। जब हम स्वास्थ्य का बजट पढ़ते हैं, तो केवल दो परसेंट के बारे में पढ़ते हैं।

5.00 P.M.

यह स्वास्थ्य को लेकर हमारी चिंता है! हम देश में स्वास्थ्य का यह विकास करना चाहते हैं! हमारे सत्ता पक्ष के माननीय सदस्य यहां बार-बार कह रहे हैं कि यह तो राज्य का विषय है, यह राज्य का विषय है, यह राज्य का विषय है। ...(**समय की घंटी**)... मैं आपसे कहना चाहता हूं कि स्वास्थ्य राज्य का विषय है, तो यह बता दीजिए कि राज्य सरकारों को गिराना किसका विषय है? विधायकों की खरीद फरोख्त करना किसका विषय है? ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (सुश्री इंदु बाला गोस्वामी) : प्लीज़, आप कन्क्लूड कीजिए।

श्री संजय सिंह : मंत्रियों को पद प्रलोभन देकर सरकारों को गिराना किसका विषय है? यह आप बता दीजिए।...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (सुश्री इंदु बाला गोस्वामी) : माननीय सदस्य, आपकी चर्चा जारी रहेगी।

श्री संजय सिंह : मैडम, सबको मौका दिया गया है। मैं अपनी बात खत्म कर रहा हूं।

उपसभाध्यक्ष (सुश्री इंदु बाला गोस्वामी) : माननीय सदस्य, आपकी चर्चा जारी रहेगी। आप कन्क्लूड कीजिए।

श्री संजय सिंह : मैडम, मैं बताना चाहता हूं कि दिल्ली में एक सरकार चल रही है। ... (**समय की घंटी**) ... उस सरकार के मुख्य मंत्री केजरीवाल जी ने शिक्षा का बजट 14 प्रतिशत रखा है। ...(**समय की घंटी**) ... मैडम, सबको बोलने का मौका मिला है और मुझे भी अपनी बात कहने का मौका दिया जाए।

उपसभाध्यक्ष (सुश्री इंदु बाला गोस्वामी) : आपको अगली डेट पर बोलने का मौका मिलेगा। प्लीज़, आप वाइंड अप कीजिए।

श्री संजय सिंह : मैं दिल्ली के बारे में बता रहा हूं। दिल्ली का स्वास्थ्य बजट 14 परसेंट है। ...(**व्यवधान**)... हमने 520 मोहल्ला क्लीनिक्स बनाए हैं। **...(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (सुश्री इंदु बाला गोस्वामी) : स्पेशल मेंशन्स। माननीय सदस्य आपका ही स्पेशल मेन्शन है।

श्री संजय सिंह : ठीक है, मैं अपनी स्पीच बाद में कन्टिन्यू करूंगा।

उपसभाध्यक्ष (सुश्री इंदु बाला गोस्वामी) : हाउस इसके बाद भी चलेगा और चर्चा जारी रहेगी। स्पेशल मेन्शन - श्री संजय सिंह जी।

SPECIAL MENTIONS

Need to review the recent hike in rate of Goods and Services Tax (GST)

श्री संजय सिंह (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली) **:** महोदय, हमारे देश में महंगाई हर रोज नया आसमान छू रही है। इस बढ़ती महंगाई ने आम आदमी के जीवन को हिला कर रख दिया है। महोदय, आज़ादी के बाद से आज पहली बार ऐसा हुआ है कि अब लोगों को आटा से लेकर अस्पतालों के कमरे, स्याही, दाह संस्कार और आम आदमी की जरूरत की हर चीज़ पर 5 परसेंट से लेकर 18 परसेंट तक टैक्स देना होगा। सरकार दाल, दही, लस्सी और चावल सभी पर टैक्स लगा रही है। यहां तक कि अब लोगों को अपने ही बचत खाते से पैसे निकालने पर टैक्स देना होगा। इस बेतहाशा कर वृद्धि से आम लोगों का जीविकोपार्जन और बरबाद हो जाएगा। पहले से ही देश में लगभग 19 करोड़ लोग हर रात खाली पेट सोने को मजबूर हैं और देश में पांच साल से कम उम्र के हर दिन लगभग 4,500 बच्चे भूख और कुपोषण के कारण मर रहे हैं। अकेले भूख के कारण हर साल तीन लाख से अधिक बच्चों की मौतें हो रही हैं जबकि देश हित में असली कदम यह होता कि गरीबों को महंगाई से राहत दिलाने का प्रयास किया जाता और जिनके पास अधिक धन-दौलत है, उनसे टैक्स की वसूली की जाती। सरकार का यह कदम देश में भुखमरी, कुपोषण और गरीबी को बढ़ावा देगा और लोगों को आटा-चावल के लिए भी तरसा देगा। उपरोक्त विकट परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस फैसले पर पुनः विचार करने की आवश्यकता है।

SHRI JOHN BRITTAS (Kerala): Sir, I associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Sir, I also associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.